**31/08**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिश्केक में आयोजित SCO शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेज़ेशकियन के साथ द्विपक्षीय बैठक कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों और बदलती स्थिति पर भी अपने-अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत के इस निरंतर रुख को दोहराया कि, सभी मुद्दों का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। प्रधानमंत्री ने नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता की रक्षा का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। इसमें वाणिज्यिक जहाज और समुद्री यात्री भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने आज किर्गिज़ गणराज्य के राष्ट्रपति सादिर झापारोव से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की और भारत तथा किर्गिज़ गणराज्य के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000000000000

नेपाल में पिछले सप्ताह आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ सौ तीन हुई, जबकि चार हज़ार दो सौ सैतालीस से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, यह आंकड़ा रविवार को दर्ज किए गए दो हज़ार पांच सौ दो के आंकड़े से बढ़ा है। नेपाल के प्रभावित सभी आठ जिलों से शव बरामद किए जा चुके हैं। बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश और फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चला रहे हैं। इस बीच, करीब आधा दर्जन जलविद्युत परियोजनाओं में कम से कम नौ सौ तैतीस श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। भारत के सहयोग और अन्य विशेषज्ञों की सहायता से बचाव दल करीब आधा दर्जन अवरुद्ध जलविद्युत सुरंगों में तलाश अभियान चला रहे हैं। इनमें त्रिशूली-3A सुरंग भी शामिल है। तिब्बत में मृतकों की संख्या फिलहाल सौलह है, जबकि पांच सौ छियालीस लोग लापता बताए गए हैं।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांदू ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एक प्रतिष्ठित राजनेता, असाधारण ज्ञान और विवेक से संपन्न विद्वान तथा समर्पित जनसेवक थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारत की सेवा के

लिए समर्पित कर दिया। वहीं, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी भारत के पूर्व राष्ट्रपति और देश के सबसे प्रतिष्ठित राजनेताओं में से एक डॉ. प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में डॉ. मुखर्जी के उल्लेखनीय योगदान, भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गहरी समझ और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा।

000000000000000000000000000

आदी जनजाति का प्रमुख कृषि-आधारित त्योहार सोलुङ का आयोजन राजधानी ईटानगर और सियाङ क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने सोलुङ के पूर्व संध्या पर राज्य वासियों, विशेषकर आदी समुदाय के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह जीवंत त्योहार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सदियों पुरानी परंपराओं के प्रति गौरव की भावना को निरंतर मजबूत करता रहेगा। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की है कि सोलुङ राज्य की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हुए समुदायों को एकजुट कर आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत को संरक्षित करने की प्रेरणा प्रदान करें।

000000000000000000000000000

जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, पासीघाट में आज डिपार्टमेंट ऑफ़ ज़ूलोजी के एसोसिएट प्रोफेसर और पूर्व HOD डॉ. केशव कुमार झा के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जिंदू बोराङ ने डॉ. झा की उल्लेखनीय यात्रा को याद किया और उन्हें संस्थान का एक सच्चा स्तंभ बताया। उन्होंने कॉलेज और समाज के प्रति डॉ. झा की समर्पित सेवाओं की सराहना की। डॉ बोराङ ने कहा कि डॉ. झा के मार्गदर्शन और परामर्श से अनेक विद्यार्थियों ने जीवन में बड़ी सफलता हासिल की है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज कुरुङ कुमे और आंजाव ज़िले के लिए येलो, साथ ही ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, पाके केसाङ और पापुम पारे के लिए अलगे चौबीस घंटों में अलग लग स्थानों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000

और इक्कीसवें तादार तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में लोअर सियाङ ने शानदार शुरुआत करते हुए कल ईस्ट सियाङ ज़िले के पासीघाट में ग्रुप-डी के अपने शुरुआती मुकाबले में अपर सियाङ को 4-1 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में मेजबान ईस्ट सियाङ और वेस्ट सियाङ के बीच मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। ग्रुप-बी में लोअर दिबाङ

वैली ने तेजू में पाके केसाङ को 4-0 से, जबकि कामले ने आंजाव को 2-0 से पराजित किया। ग्रुप-ए में अपर सुबनसिरी ने यूपिया में क्रा दादी को 2-0 से हराया। खेले गए अन्य मुकाबले में पापुम पारे को कुरुङ कुमे से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा।

0000000000000000000000000000